स्तर 3 (सप्ताह 11)

संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को वर्गीकृत करना

उद्देश : व्याकरण की समझ बढ़ाना

साहित्य : किताब, कॉपी और पेन

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- अपनी किसी भी एक किताब में से कोई भी एक अनुच्छेद चुनें और उसके शब्दों को संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में वर्गीकृत कीजिए।

साक्षात्कार लेना

उद्देश : विभिन्न स्थितियों और उद्देशों के अनुसार लेखन कला विकसित करना।

साहित्य : कॉपी और पेन

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- घर में उपस्थित सदस्यों का विभिन्न विषयों पर साक्षात्कार लेना और उसे लिखना| जैसे- क्या कभी उन्हें घर में बंद रहना पड़ा है? घर में बंद रहकर क्या-क्या नुकसान हुआ हैं? क्या कभी खाने-पीने के सामान की कमी हुई है? क्या कभी पहले ऐसा हुआ है? जो लोग फुटपाथ पर रहते हैं वे कैसे कोरोना से बचाव करते होंगे? वे क्या काम करते होंगे? वे भोजन कैसे जुटाते होंगे? आदि।